Series SSRR3/3

SET-1

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **64/3/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** + **2** मानचित्र हैं ।

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **23** printed pages + **2** Maps.

(II) Please check that this question paper contains **30** questions.

(III) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(IV) **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)
# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न–पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है ।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है ।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड क के अतिरिक्त अन्य खण्डों के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

## खण्ड क

*प्रश्न संख्या **1** से **17** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं ।* *17×1=17*

**1.** प्रवास के निम्नलिखित कारकों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और 'प्रतिकर्ष कारक' से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | |
|---|---|
| I. | शांति व स्थायित्व |
| II. | संपत्ति की सुरक्षा |
| III. | महामारियाँ |
| IV. | प्रतिकूल जलवायु |

विकल्प :

(A) केवल I और II सही हैं
(B) केवल II और III सही हैं
(C) केवल III और IV सही हैं
(D) केवल I और IV सही हैं

**2.** 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' द्वारा प्रस्तावित मानव विकास का उपागम निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(A) आय
(B) कल्याण
(C) क्षमता
(D) आधारभूत आवश्यकता



collegedunia
India's largest Student Review Platform

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This questions paper contains **30** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **five** sections – **Sections A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* ***Section A** – Questions no. **1** to **17** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – Questions no. **18** and **19** are Source-based questions. Each question carries **3** marks.*

*(v)* ***Section C** – Questions no. **20** to **23** are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks. Answer to these questions shall be written in 80 to 100 words.*

*(vi)* ***Section D** – Questions no. **24** to **28** are Long Answer type questions. Each question carries **5** marks. Answer to these questions shall be written in 120 to 150 words.*

*(vii)* ***Section E** – Questions no. **29** and **30** are Map based questions. Each question carries **5** marks.*

*(viii)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice given in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions in a sections other them Section A.*

## SECTION A

*Questions no. **1** to **17** are Multiple Choice Type Questions.* *17×1=17*

**1.** Read the following factors of migration carefully and choose the correct option related to 'push factor' :

| | |
|---|---|
| I. | Peace and stability |
| II. | Protection of property |
| III. | Epidemics |
| IV. | Unpleasant climate |

Options :

(A) Only I and II are correct (B) Only II and III are correct

(C) Only III and IV are correct (D) Only I and IV are correct

**2.** 'International Labour Organisation' initiated which one of the following approaches of Human Development ?

(A) Income (B) Welfare

(C) Capability (D) Basic Needs



collegedunia
India's largest Student Review Platform

3. निम्नलिखित में से किस प्रकार का कृषि का संबंध एकल फ़सल के उत्पादन से है ?

(A) गहन निर्वाह कृषि (B) रोपण कृषि

(C) मिश्रित कृषि (D) भूमध्यसागरीय कृषि

4. स्तम्भ I का मिलान स्तम्भ II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | *स्तम्भ I* *(उद्योग)* | | *स्तम्भ II* *(उदाहरण)* |
|---|---|---|---|
| 1. | कृषि-आधारित | (i) | साबुन |
| 2. | वन-आधारित | (ii) | नमक |
| 3. | रसायन-आधारित | (iii) | लाख |
| 4. | उत्पाद-आधारित | (iv) | वनस्पति तेल |

विकल्प :

(A) 1-(iii), 2-(iv), 3-(ii), 4-(i)

(B) 1-(iii), 2-(iv), 3-(i), 4-(ii)

(C) 1-(iv), 2-(iii), 3-(ii), 4-(i)

(D) 1-(iv), 2-(iii), 3-(i), 4-(ii)

5. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* जनशक्ति सेवा क्षेत्रक का एक महत्त्वपूर्ण कारक है ।

*कारण (R) :* अधिकांश तृतीयक क्रियाकलापों का निष्पादन कुशल श्रमिक और व्यावसायिक दृष्टि से प्रशिक्षित विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है ।

विकल्प :

(A) (A) सही है, परंतु (R) ग़लत है ।

(B) (A) ग़लत है, परंतु (R) सही है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

6. नीचे दो कथन I एवं II के रूप में दिए गए हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*कथन I :* अधिकांश चतुर्थक क्रियाकलापों का बाह्यस्रोतन किया जा सकता है ।

*कथन II :* ये सेवाएँ अनिवार्य रूप से संसाधनों तथा बाज़ार पर आधारित नहीं होती हैं ।

विकल्प :

(A) कथन I सही है, परंतु कथन II ग़लत है ।

(B) कथन I ग़लत है, परंतु कथन II सही है ।

(C) कथन I और II दोनों सही हैं और कथन II, कथन I की सही व्याख्या है ।

(D) कथन I और II दोनों सही हैं, परंतु कथन II, कथन I की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**3.** Which one of the following types of agriculture is concerned with the production of a single crop ?

(A) Intensive subsistence agriculture (B) Plantation agriculture

(C) Mixed farming (D) Mediterranean agriculture

**4.** Match Column I with Column II and choose the correct option :

| | *Column I* *(Industry)* | | *Column II* *(Example)* |
|---|---|---|---|
| 1. | Agro-based | (i) | Soaps |
| 2. | Forest-based | (ii) | Salts |
| 3. | Chemical-based | (iii) | Lac |
| 4. | Product-based | (iv) | Vegetable oil |

Options :

(A) 1-(iii), 2-(iv), 3-(ii), 4-(i)

(B) 1-(iii), 2-(iv), 3-(i), 4-(ii)

(C) 1-(iv), 2-(iii), 3-(ii), 4-(i)

(D) 1-(iv), 2-(iii), 3-(i), 4-(ii)

**5.** Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option :

*Assertion (A) :* Manpower is an important component of the service sector.

*Reason (R) :* Most of the tertiary activities are performed by skilled labour and professionally trained experts.

Options :

(A) (A) is true, but (R) is false.

(B) (A) is false, but (R) is true.

(C) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(D) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

**6.** Two statements are given below as I and II. Read both the statements carefully and choose the correct option :

*Statement I :* Most of the quaternary activities can be outsourced.

*Statement II :* These services are not necessarily based on resources and market.

Options :

(A) Statement I is correct, but Statement II is incorrect.

(B) Statement I is incorrect, but Statement II is correct.

(C) Statements I and II both are correct and Statement II is the correct explanation of Statement I.

(D) Statements I and II both are correct, but Statement II is ***not*** the correct explanation of Statement I.



collegedunia India's largest Student Review Platform

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा समुद्री मार्ग वैंकूवर और योकोहामा को जोड़ता है ?

(A) दक्षिण अटलांटिक समुद्री मार्ग

(B) उत्तर प्रशांत समुद्री मार्ग

(C) उत्तर अटलांटिक समुद्री मार्ग

(D) भूमध्य सागर – हिंद महासागर समुद्री मार्ग

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक 'आंत्रपो पत्तन' का उदाहरण है ?

(A) अबादान (B) माराकाइबो

(C) सिंगापुर (D) त्रिपोली

**9.** स्तम्भ I का मिलान स्तम्भ II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | *स्तम्भ I (रेल मंडल)* | | *स्तम्भ II (मुख्यालय)* |
|---|---|---|---|
| 1. | नॉर्थ ईस्टर्न | (i) | जबलपुर |
| 2. | वेस्ट सेंट्रल | (ii) | हाजीपुर |
| 3. | ईस्ट सेंट्रल | (iii) | सिकंदराबाद |
| 4. | साउथ सेंट्रल | (iv) | गोरखपुर |

विकल्प :

(A) 1-(i), 2-(iv), 3-(iii), 4-(ii)

(B) 1-(i), 2-(iv), 3-(ii), 4-(iii)

(C) 1-(iv), 2-(i), 3-(ii), 4-(iii)

(D) 1-(iv), 2-(i), 3-(iii), 4-(ii)

**10.** 2016 – 17 में भारत द्वारा निम्नलिखित निर्यात की गई वस्तुओं/माल को उनके प्रतिशत के घटते हुए क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. अपरिष्कृत और पेट्रोलियम उत्पाद
II. विनिर्मित वस्तुएँ
III. कृषि और समवर्गी उत्पाद
IV. अयस्क एवं खनिज

विकल्प :

(A) I, II, III, IV (B) II, I, IV, III

(C) III, II, I, IV (D) II, III, I, IV


collegedunia India's largest Student Review Platform

7. Which of the following sea route connects Vancouver and Yokohama ?

(A) South Atlantic sea route

(B) North Pacific sea route

(C) North Atlantic sea route

(D) Mediterranean – Indian Ocean sea route

8. Which of the following is an example of 'Entrepôt Port' ?

(A) Abadan (B) Maracaibo

(C) Singapore (D) Tripoli

9. Match Column I with Column II and choose the correct option :

| *Column I (Railway Zones)* | | *Column II (Headquarters)* |
|---|---|---|
| 1. North Eastern | (i) | Jabalpur |
| 2. West Central | (ii) | Hajipur |
| 3. East Central | (iii) | Secunderabad |
| 4. South Central | (iv) | Gorakhpur |

Options :

(A) 1-(i), 2-(iv), 3-(iii), 4-(ii)

(B) 1-(i), 2-(iv), 3-(ii), 4-(iii)

(C) 1-(iv), 2-(i), 3-(ii), 4-(iii)

(D) 1-(iv), 2-(i), 3-(iii), 4-(ii)

10. Arrange the following commodities of Indian export during 2016 – 17 in descending order of their percentages and choose the correct option :

I. Crude and petroleum products
II. Manufactured goods
III. Agriculture and allied products
IV. Ore and minerals

Options :

(A) I, II, III, IV (B) II, I, IV, III

(C) III, II, I, IV (D) II, III, I, IV


collegedunia India's largest Student Review Platform

11. भारत में पेट्रोलियम एवं उर्वरकों के आयात करने के लिए निम्नलिखित में से किस समुद्री पत्तन को विशेष रूप से विकसित किया गया है ?

(A) मुंबई (B) मार्मागाओ

(C) कांडला (D) कोच्चि

12. 'उत्तर-दक्षिण गलियारे' के अंतिम छोर (टर्मिनल) के दो सही स्थान निम्नलिखित में से कौन-से हैं ?

(A) श्रीनगर और कन्याकुमारी (B) दिल्ली और कन्याकुमारी

(C) अमृतसर और चेन्नई (D) श्रीनगर और चेन्नई

13. निम्नलिखित में से कौन-सा ठोस कचरे का उदाहरण है ?

(A) रसोईघर के बेकार पदार्थ

(B) पॉलिथीन की थैलियाँ

(C) पौधों की पत्तियाँ और शाखाएँ

(D) पुराने समाचार-पत्र

14. भू-प्रदूषण के निम्नलिखित स्रोतों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | |
|---|---|
| I. | अनुचित मानव क्रियाकलाप |
| II. | अनुपचारित औद्योगिक अपशिष्ट |
| III. | आदिकालीन निर्वाह कृषि कार्य |
| IV. | पीड़कनाशियों एवं उर्वरकों का उपयोग |

विकल्प :

(A) केवल I, II और III सही हैं

(B) केवल II, III और IV सही हैं

(C) केवल I, II और IV सही हैं

(D) केवल I, III और IV सही हैं



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**11.** Which of the following sea ports in India has been developed specially to import petroleum and fertilizers ?

(A) Mumbai (B) Marmagao

(C) Kandla (D) Kochchi

**12.** Which of the following are the correct two terminal places of 'North-South Corridor' ?

(A) Srinagar and Kanyakumari (B) Delhi and Kanyakumari

(C) Amritsar and Chennai (D) Srinagar and Chennai

**13.** Which one of the following is an example of solid waste ?

(A) Kitchen discarded items

(B) Polythene bags

(C) Plant leaves and branches

(D) Old newspapers

**14.** Read the following sources of land pollution carefully and choose the correct option :

| | |
|---|---|
| I. | Improper human activities |
| II. | Untreated industrial waste |
| III. | Practice of primitive subsistence agriculture |
| IV. | Use of pesticides and fertilizers |

Options :

(A) Only I, II and III are correct

(B) Only II, III and IV are correct

(C) Only I, II and IV are correct


(D) Only I, III and IV are correct



collegedunia
India's largest Student Review Platform

*दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न संख्या **15** से **17** के उत्तर लिखिए :*

**राष्ट्रीय जलमार्ग**




**15.** दिया गया आरेख भारत के निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय जलमार्ग से संबंधित है ?

(A) राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 2

(B) राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 3

(C) राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 4

(D) राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 5

**16.** आरेख पर अंकित (A) निम्नलिखित में से किस स्थान से संबंधित है ?

(A) काकीनाडा (B) धुबरी

(C) कोट्टापुरम (D) सदिया

**17.** आरेख पर अंकित (B) निम्नलिखित में से किस स्थान से संबंधित है ?

(A) कोलम (B) हल्दिया


(C) डिब्रूगढ़ (D) वल्लामकाली



collegedunia
India's largest Student Review Platform

*Study the given diagram carefully and answer Q. No.* ***15*** *to* ***17*** *:*

**National Waterway**




**15.** The given diagram is related to which of the following National Waterways of India ?

(A) National Waterway Number 2

(B) National Waterway Number 3

(C) National Waterway Number 4

(D) National Waterway Number 5

**16.** Mark (A) on the diagram is related to which of the following places ?

(A) Kakinada (B) Dhubri

(C) Kottapuram (D) Sadiya

**17.** Mark (B) on the diagram is related to which of the following places ?

(A) Kollam (B) Haldia

(C) Dibrugarh (D) Vallamkali



collegedunia
India's largest Student Review Platform

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***15*** *से* ***17*** *के स्थान पर हैं ।*

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय जलमार्ग सबसे लम्बा है ?

(A) राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 1

(B) राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 2

(C) राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 3

(D) राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 4

**16.** राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 2 का संबंध निम्नलिखित में से किस नदी से है ?

(A) गंगा
(B) पेरियार

(C) ब्रह्मपुत्र
(D) महानदी

**17.** राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 2 के दोनों अंतिम स्थानों से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए ।

(A) प्रयागराज – हल्दिया
(B) गोदावरी – कृष्णा नदी

(C) ब्राह्मणी – मातई नदी
(D) सदिया – धुबरी

## खण्ड ख

*प्रश्न संख्या* ***18*** *एवं* ***19*** *स्रोत-आधारित प्रश्न हैं ।* *2×3=6*

**18.** दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *3×1=3*

### धारावी

धारावी से केवल एक मुख्य सड़क गुज़रती है, जो अपनी चौड़ाई में घटकर आधे से कम रह गई है । कुछ एक गलियाँ एवं पगडंडियाँ इतनी सँकरी हैं कि वहाँ से एक साइकिल का गुज़रना भी मुश्किल है । समूची बस्ती में अस्थायी निर्माण के भवन हैं, जो कि दो से तीन मंज़िल ऊँचे हैं तथा उनमें लगी लोहे की सीढ़ियाँ ऊपर को जाती हैं जहाँ एक ही कमरे को किराए पर लेकर पूरा परिवार रहता है । कई बार तो यहाँ एक कमरे में 10 – 12 लोग रहते हुए देखे जा सकते हैं । यह एक प्रकार से विक्टोरिया लंदन के पूर्वी सिरे की औद्योगिक इकाइयों के उत्कट अनुवर्ती संस्करण जैसा है ।

लेकिन धारावी बहुत ही निराशाजनक रहस्यों का पालक है, अपेक्षाकृत धनाढ्य मुंबई के निर्माण में इसकी भूमिका है । यहाँ पर छायारहित स्थान, वृक्षरहित सूर्य की रोशनी (धूप), असंगृहित कचरा, गंदे पानी के ठहरे हुए गड्ढे, जहाँ केवल प्राणी जैसे काले कौओं और लंबे भूरे चूहों के साथ-साथ कुछेक सर्वाधिक सुंदरतापूर्ण तथा भारत में निर्मित मूल्यवान एवं उपयोगी सामान बनाए जाते हैं । धारावी से मृत्तिका शिल्प (सेरेमिक्स), मिट्टी के बर्तन, कसीदाकारी एवं जरी का काम, परिष्कृत चमड़े का काम, उच्च फ़ैशन, वस्त्रादि महीन पिरवाँ (रॉट), धातु (रॉटमैटल) का कार्य, उत्कृष्ट आभूषण सेट, लकड़ी की पच्चीकारी तथा फ़र्नीचर आदि भारत एवं दुनिया भर के घरों तक जाता है ।



collegedunia
India's largest Student Review Platform

***Note:*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Q. No.* ***15*** *to* ***17****.*

**15.** Which of the following is the longest National Waterway ?

(A) National Waterway Number 1

(B) National Waterway Number 2

(C) National Waterway Number 3

(D) National Waterway Number 4

**16.** National Waterway Number 2 is related to which of the following rivers ?

(A) Ganga (B) Periyar

(C) Brahmaputra (D) Mahanadi

**17.** Choose the correct option related to the two end points of National Waterway Number 2.

(A) Prayagraj – Haldia (B) Godavari – Krishna rivers

(C) Brahmani – Matai rivers (D) Sadiya – Dhubri

## SECTION B

*Questions number* ***18*** *and* ***19*** *are Source-based Questions.* *2×3=6*

**18.** Read the given passage carefully and answer the questions that follow : *3×1=3*

**Dharavi**

There is only one main road that traverses Dharavi, which has been reduced to less than half of that for most of its length. Some of the side alleys and lanes are so narrow that not even a bicycle can pass. The whole neighbourhood consists of temporary buildings, two or three storeyed high with rusty iron stairways to the upper part, where a single room is rented by a whole family, sometimes accommodating 10 – 12 people; it is a kind of tropical version of the industrial dwelling of Victorian London's East End.

But Dharavi is a keeper of more sombre secrets than the revulsion it inspires in the rich; a revulsion, moreover, that is, in direct proportion to the role it serves in the creation of the wealth of Bombay. In this place of shadowless, treeless sunlight, uncollected garbage, stagnant pools of foul water, where the only creatures are the shining black crows and long grey rats, some of the of the most beautiful, valuable and useful articles in India are made. From Dharavi come delicate ceramics and pottery, exquisite embroidery and zari work, sophisticated leather goods, high-fashion garments, finely-wrought metalwork, delicate jewellery settings, wood carvings and furniture that would find its way into the houses, both in India and abroad.



collegedunia
India's largest Student Review Platform


(18.1) धारावी की भौतिक स्थिति का वर्णन कीजिए । *1*

(18.2) धारावी की एक प्रमुख समस्या की व्याख्या कीजिए । *1*

(18.3) धारावी के संदर्भ में 'स्वच्छ भारत मिशन' के प्रमुख उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए । *1*

**19.** दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *3×1=3*

**आंतरिक जलमार्ग**




(19.1) दिया गया आरेख किस जलमार्ग से संबंधित है ? *1*

(19.2) दिए गए आरेख में अंकित (A) और (B) स्थानों के नाम का उल्लेख कीजिए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(19.3) आरेख में दिए गए जलमार्ग के महत्त्व की व्याख्या कीजिए । *1*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **19** के स्थान पर है ।*

**19.** भूमध्य सागर और लाल सागर को जोड़ने वाली नहर के नाम का उल्लेख कीजिए तथा इसकी किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *1+2=3*



collegedunia
India's largest Student Review Platform


(18.1) Describe the physical condition of Dharavi. *1*

(18.2) Explain one major problem of Dharavi. *1*

(18.3) Explain the main objective of 'Swachh Bharat Mission' in the context of Dharavi. *1*

**19.** Study the given diagram carefully and answer the questions that follow : *3×1=3*

**Inland Waterway**




(19.1) With which waterway is the given diagram related ? *1*

(19.2) Mention the names of places marked (A) and (B) in the given diagram. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(19.3) Explain the importance of the waterway given in the diagram. *1*

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only lieu of Q. No.* ***19****.*

**19.** Mention the name of the canal that links the Mediterranean Sea and the Red Sea and explain its any two features. *1+2=3*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

## खण्ड ग

*प्रश्न संख्या **20** से **23** लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं ।* *4×3=12*

**20.** "मानव-पर्यावरण संबंधों की दो संकल्पनाओं के बीच नव-निश्चयवाद संतुलन बनाने का प्रयास करता है ।" उदाहरणों सहित इस कथन की परख कीजिए । *3*

**21.** विश्व में विज्ञान और प्रौद्योगिकी किस प्रकार जनसंख्या वृद्धि में सहायता करते हैं ? व्याख्या कीजिए । *3*

**22.** (क) भारत में ग्रामीण बस्तियों के विभिन्न प्रकारों के विकास के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों का वर्णन कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) भारत में पल्ली बस्तियों की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *3*

**23.** (क) "संसाधनों में से किसी एक का भी दुरुपयोग आने वाली पीढ़ियों के लिए अवसरों को कम करेगा ।" सतत पोषणीय विकास के संदर्भ में उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) "मानव विकास के कल्याण उपागम का जोर मानव के विकास करने पर होता है ।" उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए । *3*


collegedunia
India's largest Student Review Platform

## SECTION C

*Questions number **20** to **23** are Short Answer Type Questions.* *4×3=12*

**20.** "Neo-determinism attempts to bring a balance between the two concepts of human-environment relationship." Examine the statement with examples. *3*

**21.** How does science and technology help in the increase of population in the world ? Explain. *3*

**22.** (a) Describe any three factors responsible for the development of different types of rural settlements in India. *3*

**OR**

(b) Describe any three characteristics of hamleted settlements in India. *3*

**23.** (a) "Misuse of any resources will lead to fewer opportunities for future generations." Explain the statement with examples in the context of sustainable development. *3*

**OR**

(b) "Welfare approach of human development emphasizes on the actions for development of human beings." Explain the statement with examples. *3*


collegedunia
India's largest Student Review Platform

## खण्ड घ

*प्रश्न संख्या* ***24*** *से* ***28*** *दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं ।* *5×5=25*

**24.** (क) विशिष्टीकृत कार्यकलापों के आधार पर विश्व में पत्तनों के किन्हीं पाँच प्रकारों का वर्णन कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) विश्व में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के किन्हीं पाँच आधारों का वर्णन कीजिए । *5*

**25.** (क) विश्व में 'मिश्रित कृषि' की किन्हीं पाँच विशेषताओं की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) विश्व में 'डेरी कृषि' की किन्हीं पाँच विशेषताओं की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । *5*

**26.** (क) भारत में जनसंख्या के असमान वितरण को प्रभावित करने वाले किन्हीं पाँच कारकों की व्याख्या कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) भारत में जनसंख्या वृद्धि की 'प्रावस्था ग' (1951 – 81) की प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *5*

**27.** 'इंदिरा गाँधी नहर कमान क्षेत्र' में पारिस्थितिकीय संतुलन स्थापित करने के लिए किन्हीं पाँच उपायों का विश्लेषण कीजिए । *5*

**28.** भारतीय कृषि की किन्हीं पाँच समस्याओं का विश्लेषण कीजिए । *5*


collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## SECTION D

*Questions number **24** to **28** are Long Answer Type Questions.* *5×5=25*

**24.** (a) Describe any five types of ports in the world, on the basis of specialized functions. *5*

**OR**

(b) Describe any five basis of international trade in the world. *5*

**25.** (a) Explain any five features of 'mixed farming' in the world with examples. *5*

**OR**

(b) Explain any five features of 'dairy farming' in the world, with examples. *5*

**26.** (a) Explain any five factors affecting the uneven distribution of population in India. *5*

**OR**

(b) Explain the main characteristics of the 'Phase III' (1951 – 81) of population growth in India. *5*

**27.** Analyze any five measures for establishing ecological balance in the 'Indira Gandhi Canal Command Area'. *5*

**28.** Analyze any five problems of Indian agriculture. *5*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

## खण्ड ङ

*प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र आधारित प्रश्न हैं ।* *2×5=10*

**29.** दिए गए **विश्व** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 25 पर), में सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F और G के रूप में अंकित किया गया है । निम्नलिखित जानकारी की सहायता से किन्हीं ***पाँच*** की पहचान कीजिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *5×1=5*

A. निर्वाहन संग्रहण का एक प्रमुख क्षेत्र

B. चलवासी पशुचारण का एक प्रमुख क्षेत्र

C. पार-साइबेरियन रेलमार्ग के सिरे का (टर्मिनल) स्टेशन

D. दक्षिणी अमेरिका का एक प्रमुख समुद्री पत्तन

E. एशिया का एक प्रमुख वायु पत्तन

F. एक आंतरिक जलमार्ग

G. एक प्रमुख नौपरिवहन नहर

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर हैं ।*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(29.1) उत्तरी अमेरिका के एक प्रमुख निर्वाहन संग्रहण क्षेत्र का नाम लिखिए ।

(29.2) यूरेशिया के विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि के एक प्रमुख क्षेत्र का नाम लिखिए ।

(29.3) 'पार-साइबेरियन रेलमार्ग' के पश्चिमी सिरे के (टर्मिनल) स्टेशन का नाम लिखिए ।

(29.4) कनाडा के पश्चिमी तट पर स्थित एक प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए ।

(29.5) जापान के एक प्रमुख वायु पत्तन का नाम लिखिए ।

(29.6) राइन जलमार्ग का संबंध किस महाद्वीप से है ?

(29.7) अटलांटिक महासागर और प्रशांत महासागर को जोड़ने वाली नौपरिवहन नहर का नाम लिखिए ।


collegedunia
India's largest Student Review Platform

## SECTION E

*Questions number* ***29*** *and* ***30*** *are Map based Questions.* *2×5=10*

**29.** On the given political outline map of the **World** (on page 25), seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any ***five*** with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them : *5×1=5*

A. A major area of subsistence gathering

B. A major area of nomadic herding

C. Terminal station of Trans-Siberian Railway

D. A major sea port of South America

E. A major airport of Asia

F. An inland waterway

G. A major shipping canal

***Note :*** *The following questions are for* ***Visually Impaired Candidates only,*** *in lieu of Q. No.* ***29****.*

*Answer any* ***five*** *questions out of the following :* *5×1=5*

(29.1) Name a major area of subsistence gathering of North America.

(29.2) Write the name of a major area of extensive commercial grain cultivation of Eurasia.

(29.3) Name the western terminal station of 'Trans-Siberian Railway'.

(29.4) Name a major sea port located on the western coast of Canada.

(29.5) Write the name of a major airport of Japan.

(29.6) With which continent is Rhine Waterway related ?

(29.7) Name the shipping canal connecting Atlantic Ocean to Pacific Ocean.


collegedunia India's largest Student Review Platform

**30.** दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27 पर), में निम्नलिखित सात भौगोलिक लक्षणों में से किन्हीं ***पाँच*** को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए । *5×1=5*

(30.1) सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य

(30.2) गन्ना उत्पादन में अग्रणी राज्य

(30.3) कॉफी उत्पादन में अग्रणी राज्य

(30.4) कटनी : प्रमुख बॉक्साइट की खानें

(30.5) बरौनी : तेल शोधनशाला

(30.6) पारादीप : प्रमुख समुद्री पत्तन

(30.7) हैदराबाद : प्रमुख वायु पत्तन

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **30** के स्थान पर हैं ।*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों का उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(30.1) सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम लिखिए ।

(30.2) भारत का कौन-सा राज्य गन्ना उत्पादन में अग्रणी है ?

(30.3) कॉफी उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए ।

(30.4) कटनी बॉक्साइट की खानें किस राज्य में स्थित हैं ?

(30.5) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ बरौनी तेल शोधनशाला स्थित है ।

(30.6) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ पारादीप समुद्री पत्तन स्थित है ।

(30.7) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ थिरुवनंथपुरम वायु पत्तन स्थित है ।


collegedunia India's largest Student Review Platform

**30.** On the given political outline map of **India** (on page 27), locate and label any ***five*** of the following seven geographical features with appropriate symbols : *5×1=5*

(30.1) The state with the lowest level of population density

(30.2) The leading state in the production of sugarcane

(30.3) The leading state in the production of coffee

(30.4) Katni : Major bauxite mines

(30.5) Barauni : Oil refinery

(30.6) Paradwip : Major sea port

(30.7) Hyderabad : Major airport

***Note :*** *The following questions are for **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. **30**.*

*Answer any **five** questions out of the following :* *5×1=5*

(30.1) Name the state with the lowest level of population density.

(30.2) Which state of India is leading in sugarcane production ?

(30.3) Name the leading state of coffee production.

(30.4) In which state are the Katni bauxite mines located ?

(30.5) Name the state where Barauni Oil refinery is located.

(30.6) Name the state where Paradwip sea port is located.

(30.7) Name the state where Thiruvananthapuram airport is located.




collegedunia
India's largest Student Review Platform

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

प्रश्न सं. 29 के लिए

For question no. 29






collegedunia
India's largest Student Review Platform

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

प्रश्न सं. 30 के लिए

For question no. 30



भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

Outline Map of India (Political)



collegedunia
India's largest Student Review Platform